एक नजर में

गरीबों की काजू बादाम मूंगफली का रकबा लगातार घट रहा

बागली। 1980 के दशक में प्रत्येक किसान परिवार घर की मूंगफली एवं तील्ली से बने तेल का ही उपयोग करते थे। बागली नगर में पांच से अधिक स्थानों पर तेल निकालने की बेलचालित घानीया संचालित होती थी। हाट बाजार में खुले में मूंगफली और तिल्ली तेल की बिक्री होती थी। लेकिन धीरे-धीरे मूंगफली फसल एवं तिल्ली फसल से किसानों का रुझान कम होता गया और अब गिनती के किसान सिर्फ शौक माफिक इन फसलों को लगाते हैं। जिसके चलते इसका बीज?150 किलो तक बिका है। महिला किसानों को है इन फसलों में रुचि-जिन परिवारों में महिला किसान या महिलाओं की सलाह चलती है उन खेतों में सभी प्रकार की मौसमी फैसले दिखाई देती है जिनमें शामिल मूंगफली तिल्ली उड़द चवलां शामिल है।

डॉक्टर लोकेश बारबाल की पदोन्नति पर किया स्वागत

कन्नौद - स्थानीय सिविल अस्पताल कन्नौद में पदस्थ चिकित्सक नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ लोकेश बारवाल(मीणा)को मध्य प्रदेश लोक स्वास्थ एव चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय द्वारा पदोन्नत करते हुए नेत्र रोग विशेषज्ञ के रूप में प्रथम श्रेणी चयनित किया गया है ।डॉक्टर मीणा के नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक (प्रथम श्रेणी) चयन किए जाने पर उनके शुभ चिंतकों व चिकित्सा अधिकारियों कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त हे साथ ही उनके साथी ईष्ट मित्रो ने कन्नौद स्थित निवास पर पहुंचकर उनका पुष्पहार पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनका स्वागत करते हुए हार्दिक शुभ कामना देकर उनके दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की । साथ ही वन विभाग में पदस्थ वन रक्षक संतोष बागवान को भी वनपाल पद पर पदोन्नत होने पर स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की द्य दोनों का स्वागत प्रमुख रूप से पत्रकार महेश साहू , विनोद भावर, संतोष बागवान, राजू श्रीवास्तव , अन्नू कुण्डल आदि साथी उपस्थित थे द्य डॉक्टर मीणा ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

आवारा मवेशियों पर कार्रवाई शुरू, लालन पालन के लिए गौशाला छोड़ा

सोनकच्छ। नगर में इन दिनों आवारा मवेशियों का आतंक जारी है। जिसे लेकर नवभारत ने शनिवार को आवारा मवेशी के कारण नगरवासी परेशान आपस में लड़ने से वाहन हो रहे दुर्घटनाग्रस्त शीर्षक से प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था। जिसके बाद सीएमओ अमरदास सेनानी के आदेश पर दरोगा मुकेश गौतम और सहायक दरोगा जितेंद्र सिंह राजपूत ने मवेशियों को पकड़ने का अभियान चलाया। लेकिन यह अभियान मात्र औपचारिकता ही निकला। जिसे लेकर हमने पूर्व खबर में उल्लेख कर दिया था। औपचारिकता इसलिए निकला क्योंकि इस अभियान में अब तक मात्र 16 मवेशियों को ही गौशाला में छोड़ा गया। इस मामले को लेकर सीएमओ सेनानी से चर्चा करना चाही तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। अब देखना यह है कि, नगर की ज्वलंत समस्या पर आगामी कार्रवाई होती है या नहीं, कि औपचारिकता निभाकर कार्रवाई को ठंडे बस्ते में भेज दिया जाता है। क्योंकि नगर में अब करीब 70 से अधिक मवेशी विचरण कर रहे है।

साहित्यकार हरे राम बाजपेई को अंतर्राष्ट्रीय प्रेमचंद सम्मान

इंदौर . भारतीय नार्वेजियन सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम नार्वे की संस्था ने हिंदी भाषा साहित्य भारतीय संस्कृति और कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रेमचंद अंतर्राष्ट्रीय सम्मान 2026 की घोषणा 30 जुलाई को संस्था अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला द्वारा ओस्लो में की गई . एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि भारत के करीब आठ शिक्षा विद और साहित्यकारों को सम्मान दिया जा रहा है इसमें हिंदी परिवार इंदौर के अध्यक्ष एवं संप्रति प्रचार मंत्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति इंदौर के हरे राम बाजपेई को भी प्रदान किया जाएगा . यह सम्मान 2 अगस्त को वहां आयोजित कार्यक्रम में दिए जाएंगे . यह जानकारी हिंदी परिवार के सचिव संतोष मोहती ने दी .

बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर भावांजलि अर्पित

इंदौर . देवी अहिल्या माता प्रांगण राजवाड़ा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन (रजि) संस्था द्वारा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के चित्र पर माल्यार्पण किया गया . लोकमान्य तिलक के जीवन पर प्रकाश डाला संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सीतलानी ने . कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिलीप राजपाल पूर्व मंत्री प्रकाश व्यास, नरेंद्र मिश्रीलाल गंगवाल, अजीत सज्जन सिंह विशनार, कविता त्रिवेदी, संजय खादीवाला, सुधा भंडारी, पुष्पा जोशी, उमाशंकर रायकवार, जानकी लाल पटेरिया, दिनेश दुबे, राकेश शास्त्री और कई स्वतंत्रता सेनानी वंशजों ने अपने विचार रखें . संचालन विकास जोशी ने किया . आभार मनोहर सिंह तोमर ने माना

इन्फिस्टार रिन्यूएबल्स और फिनलैंड की आर्सीप्लग की भागीदारी

इंदौर . इन्फिस्टार रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड ने फिनलैंड की कंपनी आर्सीप्लग ओय के साथ एक विशेष जॉइंट वेंचर किया है . इस भागीदारी के तहत भारत के पहले मेक इन इंडिया卐 मॉड्यूलर प्लग फ्लो कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट बनाए जाएंगे . इस पहल को देश में क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने और आधुनिक बायोगैस तकनीक उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है . दोनों कंपनियों ने साझेदारी में आर्सीस्टार बायोएनर्जी प्राइवेट लिमिटेड नामक नई कंपनी रची है . जोईन्ट वेन्चर पर प्रतिक्रिया देते हुए इन्फिस्टार ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुहृद वी . साराभाई ने कहा कि भारत को स्वच्छ, आत्मनिर्भर और किफायती एनर्जी सोल्यूशन्स की जरूरत है। आर्सीप्लग के साथ यह भागीदारी ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, कचरा प्रबंधन और ग्रामीण विकास जैसी कई राष्ट्रीय जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी . आर्सीप्लग ओय के वाइस प्रेसिडेंट जारी वाल्टानेन ने भारत जैव-ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के सबसे तेजी से बढते बाजारों में से एक है . यह टेक्नोलोजी भारत में भी उद्योगों, नगर निकायों और किसानों को जैविक कचरे से अधिक अच्छे तरीके से क्लीन एनर्जी बनाने में मदद करेगी और देश के पर्यावरणीय लक्ष्यों को पूरा करने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

शिवानी शाह को आईएफआईपी नेशनल इन्क्लूजन अवॉर्ड

इंदौर . आर्किटेक्ट, सामाजिक उद्यमी और सेंसरी ऑल की संस्थापक शिवानी शाह को नई दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित वर्ल्ड इन्क्लूजन कॉन्फ्रेंस इंडिया 2026 में आईएफआईपी नेशनल इन्क्लूजन अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया . यह सम्मान शिवानी शाह को ऑटिज्म, एडीएचडी, बौद्धिक दिव्यांगता और अन्य न्यूरोडेवलपमेंटल चुनौतियों से जुड़े लोगों के लिए समावेशी माहौल तैयार करने और उनकी जरूरतों के अनुरूप नए समाधान विकसित करने की दिशा में किए जा रहे उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया .

अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कावड़ यात्रा का स्वागत

देवास। रविवार को सुबह 09.30 बजे मां कैलादेवी चौराहा स्थित अग्र कुल प्रवर्तक अग्रवाल समाज के आराध्य देव श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश रामकिशन गर्ग (अग्रवाल बुक स्टोर्स), विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, समाज अध्यक्ष सोहन अग्रवाल द्वारा माल्यार्पण समाज के वरिष्ठ विजय कैलाशचंद्र गोयल, शरद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल हरदा, हुकमचंद अग्रवाल, भगवान गोयल, ओमप्रकाश बंसल, राजेश अग्रवाल (मामा)महेश अग्रवाल, पवन गोयल, हरिशचंद्र अग्रवाल, जगदीश प्रसाद गर्ग, दिनेश मोदी

आशीष अग्रवाल (एल आई सी)दिलीप अग्रवाल, कन्हैयालाल सिंघल, रमेश चन्द्र मोदी,देवेंद्र बंसल, संजय मित्तल, राजेंद्र गोयल एवं अन्य वरिष्ठ समाजजन नवयुवक मंडल से सौरभ गोयल, विपुल अग्रवाल, भानु अग्रवाल, शानू गोयल,आलोक अग्रवाल, हेमंत गोयल, दिलीप अग्रवाल, जयेश मोदी,प्रिंस गोयल, हेमंत अग्रवाल, पप्पू गोयल,डॉ अंकित अग्रवाल, दीपू गोयल, सचिन मंगल, हरीश अग्रवाल ,वरुण अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, हेमंत गोयल सौरभ गुप्ता, गौरव गर्ग ,नरेंद्र अग्रवाल और अन्य सभी युवा वर्ग साथी भी शामिल रहे। सभी की उपस्थिति ने माल्यार्पण के कार्यक्रम को गरिमामय बनाया इसके पश्चात राजेश बैरागी के मार्गदर्शन में निकलने वाली धार्मिक कावड़ यात्रा का सभी अग्र बन्धुओं द्वारा पुष्प वर्षा के स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि दुर्गेश अग्रवाल ने अपनी संबोधन में उपस्थित सभी समाज सदस्यों से स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम भी शहर सुंदरीकरण में आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए बहुत बधाई दी। समाज सचिव विजय गोयल ने अपने उद्बोधनों में पर्यावरण की रक्षा करने का आव्हान करते हुए कहा कि शहर सुंदरीकरण एवं चहुमुखी विकास हो रहा है हम भी शहर विकास में सहभागी बनकर क्लीन सिटी ग्रीन सिटी बनाने का प्रयास करें। सभी समाज सदस्यों का अध्यक्ष सोहन अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए हमेशा इसी प्रकार कार्य करने हेतु आव्हान किया तथा युवा वर्ग एव मातृ शक्ति से भी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया। माल्यार्पण कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था के लिए विनयपिता स्व अशोक कुमार अग्रवाल (प्रज्ञा एजुकेशन सेंटर)का भी आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी समाज सचिव विजय कैलाशचंद्र गोयल द्वारा दी गई।

43 वर्षों की सेवाओं के बाद सेवानिवृत्ति पर अनीस शेख को भावभीनी विदाई

देवास। पीएम श्री हाई स्कूल, इटावा के अंग्रेज़ी विषय के उच्च श्रेणी शिक्षक अनीस शेख को 43 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवाओं के उपरांत सेवानिवृत्ति पर संस्था परिवार द्वारा भावभीनी विदाई एवं सम्मान प्रदान किया गया। संस्था के शिक्षक राजेश वर्मा ने बताया कि श्री शेख ने विद्यालयीन कार्यों के साथ-साथ उत्कृष्ट विद्यालय में माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षाओं से संबंधित समस्त दायित्वों का भी पूरी निष्ठा एवं दक्षता के साथ निर्वहन किया। वे एक उत्कृष्ट बैडमिंटन खिलाड़ी भी रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं

प्राचार्य अजय सोलंकी ने की। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य दीपक शुक्ला थे। विशेष अतिथियों में सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रतिभा गुप्ता, राजेंद्र सिंह सोलंकी, आदिल पठान, मिर्जा मुशाहिद बेग, प्रदीप राणा, पवन पटेल एवं भावेश कानूनगो उपस्थित रहे। संस्था की प्रभारी प्राचार्य सविता यादव ने प्रशस्ति-पत्र का वाचन किया तथा श्री शेख का पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मान किया। मुख्य अतिथि दीपक शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि अनीस शेख ने अपने संपूर्ण सेवाकाल में समर्पण, ईमानदारी एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक दायित्व का उत्कृष्ट निर्वहन किया है। अध्यक्षीय उद्बोधन में अजय सोलंकी ने कहा कि अनीस शेख सरल, सहज और सौम्य व्यक्तित्व के धनी हैं।

> उनका व्यवहार सदैव मधुर, सहयोगपूर्ण एवं प्रेरणादायी रहा है। अपने सम्मान से अभिभूत अनीस मोहम्मद शेख ने सभी अतिथियों, सहकर्मियों एवं संस्था परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी का स्नेह, सहयोग एवं सद्भावनाएँ सदैव उनके लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत गजेंद्र परमार ने किया। संचालन राजेश वर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन विनय गोखे ने किया। इस अवसर पर संस्था के अरुणा मिश्रा, ताहीरा खान, प्रतिभा मालवीय, कुंता चौहान, राजकुमार परमार सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कृषि मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया

टोंक खुर्द

केंद्रीय किसान कल्याण तथा कृषि विभाग मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा विधि प्रकोष्ठ पूर्व देवास जिला संयोजक श्याम सिंह गालोदिया वरिष्ठ अधिवक्ता टोंक खुर्द के नेतृत्व में ज्ञापन पत्र सोपा। टोंक खुर्द। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्री शिवराज सिंह चौहान देवास जिले की सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र अल्प प्रवास भ्रमग आगमन के दौरान इंदौर भोपाल हाईवे स्टेट सड़क मार्ग पर शिवराज सिंह जी चौहान का काफिला रोककर भाजपा विधि प्रकोष्ठ द पूर्व देवास जिला संयोजक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम सिंह गालोदिया टोंक खुर्द के नेतृत्व में ज्ञापन पत्र सोपा गया एवं सौजन्य भेंट मुलाकात कर वार्तालाप किया गया एवं चर्चा की गई और बताया गया कि टोंक खुर्द तहसील क्षेत्र के किसानों की समस्या रूबरू अवगत करवाई गई एवं पुष्प मालाओं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया एवं ज्ञापन पत्र सोपा गया। ज्ञापन पत्र में उल्लेखनीय है कि। टोंक खुर्द तहसील क्षेत्र में वर्ष 2020-21 में तहसील क्षेत्र के किसानों की खरीफ फासल सोयाबीन का एवं रबी फसल गेहूं,चने फसल का प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि आज तक भी नहीं मिल पाने के कारण इससे किसानो मे आक्रोश है। एवं लिखित में ज्ञापन पत्र दिया गया।

21 जरूरतमंद छात्र- छात्राओं को कंप्लीट स्कूल बैग वितरण

देवास। शब्द सरगम कला एवं सामाजिक कल्याण समिति देवास के सचिव प्रखर शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा अब तक 3000 बच्चों को कंप्लीट स्कूल बैग वितरित करने के पश्चात इस वर्ष भी जिले के 42 शासकीय विद्यालयों के 421 बच्चों को कंप्लीट स्कूल बैग वितरित किए गए। बैग में 5 कॉपियां,कंपास बॉक्स,पेन पैकेट,कलर पेंसिल,पेंसिल पैकेट,ड्राइंग बुक आदि सामग्री सम्मिलित थी। साथ ही संस्था द्वारा महारानी चिमनाबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 5 बालिकाएं जिनके माता पिता नहीं है,दिव्यांगता से ग्रसित हैं ,तथा आर्थिक स्थिति अत्यंत कमज़ोर है,की वार्षिक फ़ीस 11,210 का भुगतान किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में आयोजित किया गया।

नेवरी फाटा धाम पर रोज हो रहा नर्मदेश्वर महादेव का दिव्य अभिषेक

नेवरी फाटा। सावन के पवित्र माह में श्री खाटू श्याम मंदिर नेवरी फाटा धाम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर है। मंदिर परिसर में स्थापित श्री नर्मदेश्वर महादेव का प्रतिदिन विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य अभिषेक किया जा रहा है। अभिषेक का यह पुण्य कार्य प्रसिद्ध वैदिक आचार्य पंडित विजेंद्र द्विवेदी द्वारा नियमित रूप से संपन्न कराया जा रहा है ।सावन मास में दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता एवं मंगलमय जीवन की कामना कर रहे हैं ।मंदिर समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से सावन माह के दौरान प्रतिदिन आयोजित हो रहे श्री नर्मदेश्वर महादेव के अभिषेक एवं आरती में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

उत्कृष्ट जन सेवा के लिए किया नागरिक अभिनंदन

देवास। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अजा विभाग एवं समाजसेवी जन नेता राजेंद्र राधा कृष्ण मालवीय का उनके उनके द्वारा किए गए सामाजिक उत्थान के उत्कृष्ट कार्यो के लिए शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक सुद्रडता के क्षेत्र में जनसेवा के माध्यम से किए गए कार्यों के लिए उनका एक समारोह में नागरिक अभिनंदन विभिन्न सामाजिक संगठन एवं राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा किए गया। इसमें प्रमुख रूप से अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद संत शिरोमणि भिखारी दास महाराज सेवा समिति, महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती उत्सव समिति एवं कबीर दिनौदय मासिक पत्रिका के सम्पादक मण्डल के अध्यक्ष एवं सदस्यों में अनुसूचित जाति परिषद द्वारा संविधान की प्रति, भारत रत्न

बांबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर कबीर पत्रिका द्वारा सतगुरु कबीर साहब की तस्वीर और संस्था द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर आदि महापुरुषों की तस्वीर देखकर उन्हें सम्मानित कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष आत्माराम परिहार, प्रदेश सचिव मदनलाल जेठवा, जिला प्रभारी डॉक्टर मुन्ना सरकार, एडवोकेट राजेश चौहान, उपाध्यक्ष कमल सिंह चौहान, कान्तिलाल सोलंकी, राजुल श्रीवास्तव, दयाराम मालवीय (केपी), गोवर्धनसिंह गेहलोत, विक्रम सिंह बामनिया, जयराम सिंह मालवीय, मुकेश हरनावदा, समन्दर सिंह मालवीय एवं अन्य समाजसेवी गणमान्य व्यक्ति द्वारा का साल साफ़ और पुष्प माला पहनाकर सम्मान करते हुए बधाई और शुभकामनाए दी।

कद्दू फसल का भाव नहीं मिलने से किसान खुद को ठगा महसूस कर रहे

बागली। सावन के महीने में उपवास व्रत के चलते कद्दू लौकी एवं भिंडी जिसे फरयाली सब्जी माना जाता है ।उपवास में भी इसका उपयोग अधिकतर लोग फरीयाल बनाने में करते हैं। लेकिन इस वर्ष तीनों सब्जी के भाव विगत वर्ष की तुलना में बहुत कम है। भिंडी ?20 किलो तक लकी ?10 किलो कद्दू ?15 किलो तक में बिक रहे हैं। क्षेत्र के 100 से अधिक किसान एक एक बीघा से अधिक कृषि भूमि पर कद्दू फसल को लग रहे हैं। जिसका उत्पादन शुरू हो चुका है। अकेले चैनपुरा क्षेत्र में 15 से अधिक किसानों द्वारा कद्दू फसल को लगाया इनका कहना है कि बहुत कम खर्चे में इसकी फसल ली जा सकती है यदि

100 ग्राम कद्दू बीज में 100 कुंटल का उत्पादन

चेनपुरा से जुड़े किसान भेरूलाल मालवीय ने बताया कि इस फसल में 10 से 12 फीट की चौकोर दूरी पर पौधे लगाए जाते हैं ।लगभग 100 ग्राम बीच में 70 से 80 बेले तैयार हो जाते हैं। जिसमें 100 कुंतल से अधिक कद्दू का उत्पादन निकाल कर आता है। खर्च भी नहीं के बराबर होता है इसमें लगने वाली खरपतवार को मवेशी को खिलाने के उपयोग में उपयोग आ जाती है। निंदाई गुड़ाई की आवश्यकता भी बहुत कम रहती है। कद्दू फसल के साथ-साथ खर पतवार का भी सही उपयोग हो जाता है मवेशी पालको के लिए या फसल फायदे का सौदा रहती है।

भाव उचित मिले तो बारिश में होने वाली सभी फसलों से अधिक कमाई इस फसल में होती है। और कद्दू फसल लंबे समय तक सुरक्षित भी रखी जा सकती है। सावन के महीने में और नवरात्रि पर्व पर पूछ परख बढ़ जाती है भाव भी बढ़ाने की संभावना रहती है। दूसरी और लोकी फसल एवं भिंडी फसल तात्कालिक फसल है इसे तोड़कर तुरंत बचना जरूरी रहता है।

3 से 20 किलो तक का रहता है फल-कद्दू का फल 5किलो से लेकर20 वजन तक का रहने से उत्पादन वृद्धि साफ दिखाई देती है ।ओर साथ ही इस फल को जरूरत के हिसाब से ही तोड़कर बेचा जाता है।

भौरासा नगर परिषद अध्यक्ष जोशी से शिवराज मामा ने पूछा और कैसे हो महाराज

भौरासा . केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भोपाल से देवास दिशा बैठक में सहभागिता हेतु देवास जाते समय भौरासा फाटे पर सोनकच्छ क्षेत्र के विधायक डॉ राजेश सोनकर के नेतृत्व में साफा बांध कर पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया वही जैसे ही भौरासा नगर परिषद अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह जी चौहान का स्वागत करने के लिए आगे बढ़े तो शिवराज सिंह चौहान ने भौरासा नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी से पूछा और कैसे हो महाराज इसके बाद नगर परिषद अध्यक्ष जौशी द्वारा भी स्वागत किया गया .

एक नजर बालाजी नगर स्थित, मानव उत्थान सेवा समिति आश्रम में गुरु पूजा महोत्सव के दौरान श्री सतपाल जी की शिष्या ने कहा

गुरु के उपदेशों को अपने जीवन में उतारना ही सच्ची गुरु पूजा है : संत रेणुका बाई जी

देवास। गुरु मात्र ज्ञान प्रदाता अथवा शिक्षक नहीं होते, वे जीवन को उच्च आदर्शों का विवेक देने वाले प्रकाश पुंज होते हैं और शिष्य के व्यक्तित्व को आकार देते हैं। गुरु ही ब्रह्मा, विष्णु, महेश और वही साक्षात ईश्वर है।

गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु शिष्य की सनातन परंपरा को नमन करने और अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। हमारे देश की गुरु परंपरा में सद्गुरु सम्राटों का सम्राट और फकीरों का फकीर है। गुरु पूर्णिमा गुरु कृपा में भीग जाने का दिन है। लोग संसार में लूटपाट करने में लगे हैं। लूटना ही है तो सदगुरू की ज्ञान संपदा, उनके भाव, उनके वैराग्य, उनके प्रकाश, उनके धवल जीवन को

लूटो। यह सब लूटने पर भी सद्गुरु अपने आप को खाली नहीं, भरा हुआ महसूस करते हैं। कोई भी सम्राट साम, दाम, दंड, भेद से साम्राज्य का संचालन करता है, मगर सद्गुरु संकेत, दान दंडवत और वेद से। सद्गुरु शिष्य की बाधाओ को दूर करने के लिए समय-समय पर संकेत करता है। सद्गुरु दानी होता है, वह देता है- अभयदान, क्षमादान, नाम या मंत्र दान, भक्ति दान और विद्याधन ।सम्राट दंड देता है, जबकि सद्गुरु दंडवत करता है। सम्राट भेद करता है, लेकिन सद्गुरु कभी भेद नहीं करता। वह भेद नीति नहीं, वेद नीति अपनाता है। जो इन चारों नीतियों को अपनाते हैं ऐसे ही सद्गुरु की यह गुरु पूर्णिमा है। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष में बालाजी नगर स्थित मानव उत्थान सेवा समिति आश्रम में आयोजित सत्संग समारोह में श्री सतपाल जी महाराज की शिष्या रेणुका बाई जी ने उक्त विचार रखते हुए कहा गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति श्रद्धा समर्पण और कृतज्ञता का दिव्य उत्सव है। । गुरु पूर्णिमा अज्ञान को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले गुरुओं के प्रति सम्मान प्रकट करने का अत्यंत आवश्यक पवित्र दिन है। इस मौके पर उपस्थित संत प्रभावती जी ने ज्ञान-भक्ति,वैराग्य, गुरु महिमा से ओत-प्रोत मधुर भजन -- म्हारा सतगुरु भया रंगरेज, चुंदर म्हारी अजब रंगी...की मधुर प्रस्तुति देते हुए कहा गुरु केवल संसार को देखने की दृष्टि नहीं बदलते हैं,वे स्वयं को देखने का साहस भी देते हैं। वे हमें यह सिखाते हैं कि सबसे बड़ी यात्रा बाहर की नहीं, अपने भीतर की है। गुरु पूर्णिमा पर यदि हम अपने गुरु के प्रति केवल पुष्प अर्पित करने के बजाय उनके उपदेशों को जीवन में उतारने का संकल्प लें, तो वही वास्तविक गुरु दक्षिणा होगी। अंततः गुरु वही है, जो हमारे भीतर ऐसा दीप जला दे की फिर जीवन में किसी भी प्रकार के अंधकार से कोई भाई नहीं न रहे। उपस्थित संत हर्षानंद जी, साध्वी नमिता बाई जी, प्रेमा बाई जी ने भी आत्म कल्याणकारी सत्संग विचार रखें ।गुरु पूजा आरती प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।